आभार

प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध के पूर्णता के अवसर पर सभी विद्वान गुरुजनों, मित्रों एवं सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट करना मैं अपना पुनीत कर्तव्य समझता हूँ, जिनका मार्गदर्शन, आशीर्वाद एवं सहयोग प्राप्त हुआ है ।

सर्वप्रथम मैं अपने परम आदरणीय शोध-निर्देशक डॉ॰ एन एस परमार, एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय वडोदरा, गुजरात का ऋणी हूँ, जिन्होंने शोधकार्य हेतु विषय चयन से लेकर अपने विद्वत्तापूर्ण निर्देशन की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। वस्तुतः यह स्वीकृति मुझ अल्पज्ञ हेतु विद्या प्रदायनी सरस्वती का साक्षात् अनुग्रह ही था। आपकी विद्या प्रदायनी सरस्वती स्वरूपा विद्वत्ता एवं निर्देशन के परिणामस्वरूप ही मैं यह शोध स्तरीय गहन अध्ययन पूर्ण कर सका।

मैं अपने विभागाध्यक्ष डॉ॰ कल्पना गवली के प्रति आभार ज्ञापित करता हूँ, जिनके सान्निध्य में मैंने अपना शोध-प्रबन्ध पूर्ण किया।

मैं अपने विभाग के आदरणीय प्राध्यापकगण पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो॰ दक्षा मिस्त्री, प्रो॰ कनुभाई बिछिया भाई निनामा, प्रो॰ दीपेंद्र सिंह जडेजा, डॉ॰ मनीषा ठक्कर, डॉ॰ अजहर ढेरीवाला और कलासंकाय अध्यक्ष प्रो॰ आद्या भारती सक्सेना जी एवं गुरुजनों का आधार व्यक्त करता हूं एवं कलासंकाय के कर्मचारीगण जिन्होंने मुझे समय-समय पर सहयोग प्रदान किया आदि के प्रति आभारी हूँ, जिनका स्नेह एवं सहयोग मुझे सदैव प्राप्त हुआ है।

मैं महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ोदरा के हंसा मेहता पुस्तकालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और राजकीय पुस्तकालय इलाहाबाद के सहकर्मियों के प्रति भी हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं अपने माता-पिता श्रीमती रामकली एवं श्री गुलाब चंद्र के प्रति नतमस्तक हूँ जिनका आशीर्वाद मेरा सम्बल रहा है। मैं अपने बड़े भैया-भाभी सुभाष

चंद्र एवं श्रीमती सुमन देवी, कमलेश कुमार एवं श्रीमती केशा देवी जिनकी प्रेरणा एवं आशीर्वाद से शोध सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ।

मेरे शोधकार्य का सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष मेरी जीवन संगिनी श्रीमती आरती बिंद का रहा है। आपके सहयोग के बिना यह महत्त्वपूर्ण कार्य पूर्ण करना सम्भव नहीं था। मेरे हर पक्ष में आपका सदा सहयोग रहा और मैं अपने शोध को पूर्णता की ओर ले गया। इस सहयोग को मैं शब्दों में नहीं पिरो सकता इसे अहसास के माध्यम से महसूस किया जा सकता है।

मैं अपने मित्रों एवं सहयोगियों सर्वश्री प्रेम शंकर सिंह, डॉ॰ ईश्वरभाई अहिर, डॉ॰ राज गौतम, डॉ॰ चंद्रमा प्रसाद, डॉ॰ अखिलेश कुमार, यशवंत कुमार, शिवचंद विश्वकर्मा, डॉ॰ पूनम सिंह, डॉ॰ दीपक, राकेश कुमार यादव, डॉ॰ विजय प्रकाश यादव, पिंटू यादव, सुनील कुमार, शिव कैलाश यादव, ओम प्रकाश, विरेन्द्र कुमार सिंह, नागेंद्र कुमार शर्मा, आनंद सिंह, कल्पना, विरांगना, मित्तल राठवा के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने शोध प्रबन्ध की पूर्णता में अपना बहुमूल्य सहयोग दिया है।

मैं उन सभी साहित्यकारों और समीक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ जिनकी कृतियों से मैंने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप में सहायता और विचारोत्तेजना प्राप्त की हैं।

शोध-छात्र

प्रकाश चंद्र

महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय,
बडौदा (गुजरात)